सीलमपुर थाने के अधीन कार्मिकों को खुराक भत्ता

748. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली पुलिस के ऐसे कार्मिकों की संख्या कितनी है जिनकी तैनाती पिछले 10 वर्षों से लगातार सीलमपुर थाने के अधीन की हुई है और जो 12 घंटे की डयूटी दे रहे हैं किन्तु उन्हें खुराक भत्ते के रूप में 10 रुपये नहीं दिये जा रहे हैं ;

(ख) उन्हें खुराक भत्ता न दिये जाने के क्या कारण हैं और क्या सरकार मामले की जांच किसी जांच अभिकरण द्वारा कराने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) पुलिस थाने, सीलमपुर, पर कोई व्यक्ति पिछले 10 वर्षों से तैनात नहीं है। पुलिस कान्स्टेबल से लेकर सहायक उप-निरीक्षक तक के पुलिस कार्मिकों को एक दिन में लगातार 9 घटों से अधिक की डयूटी करने पर खुराक भत्ता दिया जाता है। लेकिन यह भत्ता प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 25 दिन तक सीमित है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

न्यू अशोक नगर, दिल्ली में एक बालिका के साथ बलात्कार

749. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में दिल्ली पुलिस के कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन की अधिकारिता के अंतर्गत न्यू अशोक नगर, दिल्ली–110091 के 'सी' ब्लाक में कुछ असामाजिक तत्वों ने एक अप्राप्तवय बालिका के साथ बलात्कार किया और उक्त पुलिस थाने के वर्तमान थानाध्यक्ष ने पुलिस थाने के रोजनामचे में बलात्कार के मामले को इसलिये दर्ज नहीं किया क्योंकि बलात्कार की शिकार एक गरीब परिवार की थी और दोषी व्यक्तियों से भारी रिश्वत लेकर सारे मामले को रफा-दफा कर दिया गया;

(ख) क्या सरकार उक्त मामले की जांच सी० बी० आई० द्वारा कराने का विचार रखती है ताकि भविष्य में ऐसे अपराध न हों और गरीबों की रक्षा की जा सके; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी नहीं, श्रीमन्, थाना कल्याणपुरी में ऐसा कोई मामला सूचित नहीं किया गया। लेकिन 16.3.88 को एक व्यक्ति शम्भुनाथ सरकार ने सूचित किया था कि जयबीर नामक उसका पड़ौसी उसकी 12 वर्षीय भतीजी के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। अभियुक्त को उसी दिन दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 107/151 के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया गया। (ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Closure of Evening Counters of Banks in Gurgaon District

750. SHRI PURUSHOTTAM KAKODKAR: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that evening counters of some nationalised banks were closed down during November, 1984 riots;

(b) if so, what was the number thereof, bank-wise, in the Gurgaon District of Haryana;